केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 26 नवंबर, 2008 को हुए मुंबई आतंकी हमलों का डटकर सामना करते हुए अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन किया

श्री अमित शाह ने इस कायराना हमले में अपनी जान गँवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की

आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है

मोदी सरकार की आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति स्पष्ट है, जिसे पूरा विश्व सराह रहा है और भारत के आतंक विरोधी अभियानों को व्यापक समर्थन दे रहा है।

प्रविष्टि तिथि: 26 NOV 2025 2:14PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 26 नवंबर, 2008 को हुए मुंबई आतंकी हमलों का डटकर सामना करते हुए अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन किया। श्री अमित शाह ने इस कायराना हमले में अपनी जान गँवाने वाले सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

X पर एक पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा कि, "वर्ष 2008 में आज ही के दिन आतंकियों ने मुंबई पर कायराना हमला कर वीभत्स और अमानवीय कृत्य किया। मुंबई आतंकी हमलों का डटकर सामना करते हुए अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करता हूँ और इस कायराना हमले में अपनी जान गँवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है। मोदी सरकार की आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति स्पष्ट है, जिसे पूरा विश्व सराह रहा है और भारत के आतंक विरोधी अभियानों को व्यापक समर्थन दे रहा है।"

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

वर्ष 2008 में आज ही के दिन आतंकियों ने मुंबई पर कायराना हमला कर वीभत्स और अमानवीय कृत्य किया। मुंबई आतंकी हमलों का डटकर सामना करते हुए अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करता हूँ और इस कायराना हमले में अपनी जान गँवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

आतंकवाद Show more

8:28 AM · Nov 26, 2025

3.9K Reply Copy link

Read 245 replies

****

आरके / आरआर / पीएस

(रिलीज़ आईडी: 2194601) आगंतुक पटल : 177
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Kannada , Malayalam , Assamese , Bengali-TR , English , Urdu , Marathi , Punjabi , Gujarati , Odia , Tamil